No. of Printed Pages : 16 **BSEI-011**

# DIPLOMA IN SECURITY MANAGEMENT (DSM)

00014

## Term-End Examination
## December, 2014

## BSEI-011 : MANAGERIAL SKILLS

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question No. **1** is **compulsory**.*
*In Question No. **2** attempt any **7** out of **10** questions.*
*In Question No. **3** attempt any **3** out of **5** questions.*

---

**1.** (a) Fill in the blanks with appropriate words : *12×1=12*

(i) Proper __________ must be maintained in stores for all items so as to know the correct balance at any moment. *1*

(ii) Industrial espionage encompasses acquiring technical, financial and IT related information of a plant by ____________ means. *1*

(iii) A file containing 01 secret letter, 04 confidential letters and 53 restricted letters will be classified ___________ . *1*

(iv) Security audits consists of two aspects, one current security strengths and weaknesses and second is security opportunities and __________ . *1*

(v) Decision making is a process by which individual selects one course of action among ________ available to produce. *1*

(vi) Industrial disputes occur when demands of workmen are rejected by __________ . *1*

(vii) Leadership may be formal or ________ . *1*

(viii) In an open fracture excessive bleeding may cost life, so it is better to apply direct ________ (against the norm) on the wound to stop bleeding. *1*

(ix) If a limb has been amputated completely (separated from the body) ____________ the limb (if possible) in a plastic bag, submerged in __________ slurry. *2*

(x) Cardio-pulmonary resuscitation where required should be continued for at least ___________ mins. *1*

(xi) A suspected or actual letter bomb should only be ____________ by a bomb disposal unit. *1*

(b) State whether the following statements are *True* or *False* : *10×1=10*

(i) These days attendance cards which are punched by time machine are considered satisfactory for identification.

(ii) Security classification of a letter can be reviewed (lowered) only by the originator of the letter.

(iii) Regular checking of employees on exit from factory will prove useful.

(iv) Principle of effective communication means communication in the organisation upwards.

(v) Balanced scorecard, used in the management system, allows the security department to clarify its purpose and how strategy will be translated into action.

(vi) A man/woman convicted for possessing and smoking marijuana can be employed as security guard in a university.

(vii) Secondary needs are hidden in human beings which he himself cannot recognise.

(viii) Care by physical presence of a casualty for reasons of constraints of immediate evacuation is part of wilderness first aid.

(ix) The primary objective of Industrial Relationship is to bring about good and healthy relationship between employees.

(x) While handling a casualty of burns, gently remove the smouldering clotting before it begins to swell, however do not remove anything sticking to the burns.

(c) Select the most appropriate alternative. *6×1=6*

(i) Top secret documents should be

(1) typed by handling officer himself

(2) saved on the hard disk of computer

(3) well protected with a password on the PC

(4) All of the above

(ii) In case of a loss of a key, the lock will be opened with duplicate key and then

(1) immediately make a new key and replace this lost key and continue using the lock

(2) change the lock from one office to another for security reason

(3) replace the lock altogether

(4) penalise the person who lost the key to buy a new lock and replace it

(iii) Some people believe today leaders are

(1) born

(2) made

(3) born and made

(4) None of the above

(iv) Exposure of human body to temperature below 33·7°C can cause

(1) hypothermia

(2) frostbite

(3) arrhythmia

(4) chilblains

(v) Under the Maslow's theory of hierarchy of needs, esteem and status needs include

(1) job security, physical security of income, security from risk etc.

(2) self-confidence, independence, achievements, competence, knowledge and self-success

(3) conversation, sociability, exchange of feelings, recognition, belongingness and grievances handling etc.

(4) air, food, water, clothing, shelter etc.

(vi) Employee of any unit should consider customer

(1) not very important in any business

(2) dependent on them and not they are dependent on customer

(3) is a person who pays for the services and indirectly pays their salary

(4) just money in cash register

2. Attempt any ***seven*** questions out of ***ten*** questions (short answers) : *7×6=42*

(a) Give details of information an identity (both front and reverse) and visitor's pass should contain.

(b) What do you understand by reviewing of security classification ? What action is required for destruction of a top secret document ?

(c) What is security survey, its purpose and what solutions or deductions can be arrived at ?

(d) Leadership is essence of motivation of followers for full efficiency. What are leadership theories ?

(e) Why is it necessary to check/investigate the background of an applicant ?

(f) Define the steps for decision making.

(g) Explain how is scrap handled and disposed off in an efficient factory.

(h) Motivation of workforce is the task of personnel management. Explain principles of motivation.

(i) What is a fracture and how is it caused ? What are the symptoms ?

(j) What is a letter bomb (suspicious mail) ? How will you identify it ?

3. Attempt any ***three*** questions out of ***five*** questions (essay type/long answers) : *3×10=30*

(a) "Man management is referred as organising human resources to get maximum output for the enterprise, enhance their talent to full capacity and derive personal satisfaction." What can you summarise from the above statement ?

(b) What is Maslow's theory of hierarchy of needs ? Explain what are the perceived needs as per him with a diagram.

(c) What are the general principles of first aid ?

(d) What are the vital signs a doctor would like to know about a patient before giving medical advice on phone ?

(e) How should the visitor be treated by security staff and how should they be conducted in an organisation ?

# सुरक्षा प्रबंधन में डिप्लोमा
# (डी.एस.एम.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2014

## बी.एस.ई.आई.-011 : प्रबंधन दक्षता

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *प्रश्न सं.* ***1*** *अनिवार्य है ।*

*प्रश्न सं.* ***2*** *में कुल* ***10*** *प्रश्नों में से किन्हीं* ***7*** *के उत्तर दीजिए ।*

*प्रश्न सं.* ***3*** *में कुल* ***5*** *प्रश्नों में से किन्हीं* ***3*** *के उत्तर दीजिए ।*

---

**1.** (क) समुचित शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : *12×1=12*

(i) भण्डारों में सभी वस्तुओं की सही ________ रखी जानी चाहिए ताकि किसी भी समय सही शेष की जानकारी मिल सके । *1*

(ii) औद्योगिक जासूसी में किसी संयंत्र की तकनीकी, वित्तीय और सूचना टैक्नोलॉजी से सम्बद्ध जानकारी का ________ तरीकों से हासिल करना शामिल है । *1*

(iii) यदि किसी फाइल में 01 गोपनीय (सीक्रिट) पत्र, 04 अन्तरंग (कॉन्फिडेंशियल) पत्र और 53 प्रतिबन्धित पत्र हैं, तो उसे ________ के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा । *1*

(iv) सुरक्षा लेखा-जोखा दो पक्षों पर आधारित होता है, एक वर्तमान सुरक्षा के बेहतर पक्ष और कमज़ोर पक्ष तथा दूसरा सुरक्षा अवसर और ________ होते हैं । 1

(v) निर्णय लेने की प्रक्रिया में कोई व्यक्ति उपलब्ध ________ में से किसी एक विषय का चयन करता है जो उसके लिए उपलब्ध हो । 1

(vi) जब ________ द्वारा श्रमिकों की माँगें अस्वीकार कर दी जाती हैं तो औद्योगिक विवाद उत्पन्न हो जाता है । 1

(vii) लीडरशिप (Leadership) औपचारिक या ________ हो सकती है । 1

(viii) खुले घाव (अस्थिभंग) में अत्यधिक रक्त बहने से जान जा सकती है, अत: उस पर सीधे ________ (हालांकि नियम विरुद्ध) लगाना अच्छा होगा ताकि रक्त के बहाव को रोका जा सके । 1

(ix) यदि शरीर का कोई अंग पूर्णतया शरीर से विछिन्न हो जाता है तो उस अंग को प्लास्टिक (Plastic) के थैले में ________ कर ________ के घोल में डुबा दीजिए (यदि संभव हो) । 2

(x) जहाँ पर भी Cardio-pulmonary पुनरुज्जीवन (Resuscitation) की आवश्यकता हो तो उसे कम-से-कम ________ मि. तक जारी रखना चाहिए । 1

(xi) किसी संदिग्ध पत्र बम या असली पत्र बम को किसी बम-निपटान यूनिट द्वारा ही ________ जाना चाहिए । 1

(ख) बताइए कि निम्नलिखित कथन *सही* हैं या *ग़लत* : *10×1=10*

(i) इन दिनों उपस्थिति कार्ड जिन्हें टाइम मशीन (Time Machine) में पंच (Punch) किया जाता है, पहचान के लिए सन्तोषप्रद पाए गए हैं ।

(ii) किसी पत्र की (गोपनीयता सम्बन्धी) सुरक्षा श्रेणी को पत्र के मूल सृजक द्वारा ही पुनरीक्षित (घटाया) जा सकता है ।

(iii) फैक्टरी के निकासी द्वार पर कर्मचारियों की नियमित जाँच उपयोगी सिद्ध होगी ।

(iv) प्रभावी संप्रेषण सिद्धान्त से तात्पर्य है संगठन में नीचे से ऊपर संवाद ।

(v) प्रबन्धकीय प्रणाली में प्रयुक्त संतुलित स्कोरकार्ड द्वारा सुरक्षा प्रभाग को उसके उद्देश्यों की पूर्ति तथा रणनीति को अमलीजामा पहनाने में मदद मिलती है ।

(vi) किसी महिला या पुरुष को मारिजुआना रखने और पीने के लिए दण्डित होने पर भी विश्वविद्यालय में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात/नियुक्त किया जा सकता है ।

(vii) ग़ैर प्राथमिक आवश्यकताएँ मनुष्य में छुपी रहती हैं, जिन्हें वह स्वयं भी नहीं पहचान पाता है ।

(viii) किसी दुर्घटना के लिए शारीरिक उपस्थिति से देखभाल तुरन्त निकासी न होने की स्थिति में निर्जन (Wilderness) प्राथमिक सहायता प्रणाली का एक हिस्सा है ।

(ix) औद्योगिक सम्बन्धों का बुनियादी उद्देश्य कर्मचारियों के मध्य अच्छे और स्वस्थ सम्बन्ध बनाना है ।

(x) जब जलने के घाव की देखरेख की जाती है, तो इसमें सूजन आने से पहले इस पर दहक रही जमी परत (Smouldering Clotting) को आराम से हटाया जाए, परन्तु घाव से चिपकी किसी चीज़ को न हटाए ।

(ग) सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को बताइए । *6×1=6*

(i) सर्वोच्च गोपनीय दस्तावेज़ है

(1) देखरेख करने वाले अधिकारी द्वारा स्वयं टाइप किया हुआ

(2) कम्प्यूटर की हार्डडिस्क पर सेव (Save) किया हुआ

(3) पी.सी. (PC) पर पासवर्ड द्वारा सुरक्षित

(4) उपर्युक्त सभी

(ii) किसी ताले की चाबी गुम हो जाने पर, डुप्लीकेट चाबी द्वारा उसे खोला जाएगा और

(1) तुरन्त एक नई चाबी बनवाई जाए और खोई गई चाबी बदलकर ताले का प्रयोग जारी रखा जाए

(2) सुरक्षा कारणों से ताले को एक कार्यालय से दूसरे में अन्तरित कर दिया जाए

(3) ताले को पूर्णतया बदल दें

(4) जिस व्यक्ति से चाबी गुम हुई है उसे दण्ड देकर भरपाई से नया ताला लेकर उसे बदल दें

(iii) कुछ लोग मानते हैं कि आज के नेता

(1) जन्मजात हैं

(2) निर्मित हैं

(3) जन्मजात और निर्मित हैं

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iv) 33·7°C से नीचे तापमान में मानव शरीर पर हो सकता है

(1) हाइपोथर्मिया

(2) तुषार उपघात

(3) ऐरिथमिया (arrhythmia)

(4) चिलब्लेन्स

(v) मैस्लो के आवश्यकताओं की पदक्रमता के सिद्धान्त के अनुसार, स्वाभिमान और प्रस्थिति की आवश्यकताओं में शामिल है

(1) रोज़गार की सुरक्षा, आय की वास्तविक सुरक्षा तथा जोख़िम से सुरक्षा आदि

(2) आत्म-विश्वास, स्वतन्त्रता, उपलब्धि, क्षमता, ज्ञान और स्वयं-सफलता

(3) संवाद, सामाजिकता, भावनाओं का विनिमय, मान्यता, साहचर्य और शिकायत निपटान आदि

(4) हवा, भोजन, पानी, वस्त्र, आश्रय आदि

(vi) किसी भी इकाई के कर्मी को ग्राहक को इस प्रकार समझना चाहिए

(1) किसी भी गतिविधि (व्यवसाय) में विशेष महत्त्वपूर्ण नहीं

(2) ग्राहक उन पर आश्रित हैं न कि वे उस पर

(3) ऐसा व्यक्ति जो सेवा का भुगतान कर अप्रत्यक्ष रूप से उनका वेतन देता है

(4) नकदी पंजी (Cash Register) में केवल धन मात्र

2. ***दस*** प्रश्नों में से किन्हीं ***सात*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (संक्षिप्त उत्तर) : *7×6=42*

(क) यह बताइए कि पहचान पत्र (दोनों तरफ) और आगन्तुक प्रवेश-पत्र पर क्या-क्या जानकारी होनी चाहिए ।

(ख) सुरक्षा के वर्गीकरण की समीक्षा से क्या तात्पर्य है ? अति-गोपनीय दस्तावेज़ को नष्ट करने की प्रविधि क्या है ?

(ग) सुरक्षा सर्वेक्षण क्या है, इसका उद्देश्य क्या है तथा इसके समाधान अथवा उसमें कोई कमी आदि कैसे निश्चित की जा सकती है ?

(घ) नेतृत्व, पूर्ण दक्षता के लिए अनुपालकों की अभिप्रेरणा का सार है । नेतृत्व के सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए ।

(ङ) किसी आवेदक की पृष्ठभूमि की पूर्ण जाँच अथवा छान-बीन क्यों आवश्यक है ?

(च) निर्णय लेने की प्रक्रिया के चरण कौन-कौन से हैं ?

(छ) एक कार्यकुशल फैक्टरी में टूटन-फूटन (scrap) को कैसे रखा और निपटाया जाता है ?

(ज) कार्यदल की अभिप्रेरणा कार्मिक प्रबंधन का कार्य है । अभिप्रेरणा के सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए ।

(झ) अस्थिभंग (Fracture) क्या है तथा कैसे होता है ? इसके अभिलक्षण क्या हैं ?

(ञ) पत्र बम (सन्देहास्पद डाक) क्या है ? इसकी पहचान कैसे करेंगे ?

3. ***पाँच*** प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (निबन्ध प्रकार/दीर्घ उत्तर) : *3×10=30*

(क) "मानव प्रबन्धन को मानवीय संसाधनों के अधिकतम सदुपयोग का संगठन करना बताया गया है ताकि उनकी लगन और कौशल को पूर्ण क्षमता हेतु बढ़ाया जा सके तथा अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकें ।" इस कथन से आप क्या समझते हैं ?

(ख) मैस्लो का आवश्यकता-पदक्रमता का सिद्धान्त क्या है ? मैस्लो द्वारा अभिमत प्रत्यक्ष आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं ? सचित्र वर्णन कीजिए ।

(ग) प्राथमिक सहायता के सामान्य सिद्धान्त क्या हैं ?

(घ) फोन पर किसी प्रकार की सलाह देने से पूर्व डॉक्टर/चिकित्सक किस प्रकार के प्राणधारी संकेतों के बारे में जानना चाहेगा ?

(ङ) आगन्तुक के साथ सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार कैसा होना चाहिए तथा संगठन में उन्हें किस प्रकार का स्थान/व्यवहार मिलना चाहिए ?